हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

04 स्क्रैप वाहनों का फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले...

07 फसल के सापेक्ष बीमा क्लेम में बीमा कंपनी के ...




## खबर संक्षेप में

### साउंड सिस्टम की आवाज कम करने की बात पर की मारपीट

**नलखेड़ा।** थानांतर्गत ग्राम हिरनखेड़ी में साउंड सिस्टम की आवाज कम करने की बात पर दूसरे पक्ष ने ग्राम के ही निवासी पीरूलाल पिता बदरीलाल के साथ मारपीट की गई जिन्हें स्थानीय चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के बाद उचित उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हिरनखेड़ी में गुरुवार प्रातः 10 बजे पीरूलाल पिता बदरीलाल पाटीदार के निवास के सामने स्थित जाकिर के घर पर तेज आवाज में साउंड सिस्टम बज रहा था जिसकी आवाज कम करने का पीरूलाल ने उसके लड़के वाहिद को बोला। इस बात पर वाहिद पीरूलाल के साथ गाली गलौच करने लगा इसी दौरान उसका चचेरा भाई अलताफ उसके चाचा कमरूएवं पिता जाकिर भी बाहर आ गए और वे भी पीरूलाल से गाली गलौच करने लगे। गाली देने से मना करने पर पीरूलाल के हाथ पैर पकड़ कर मारपीट करने लगे एवं वाहिद द्वारा लकड़ी से उनके सिर पर चोट की जिससे उन्हें खून निकलने लगा। ग्रामवासी तत्काल पीरूलाल को शासकीय अस्पताल लाये जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उचित उपचार के लिए रैफर कर दिया गया। पुलिस ने उक्त चारो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

### पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण 19 को

**सीहोर।** पॉक्सो अधिनियम 2012 के अंतर्गत नियुक्त सपोर्ट पर्सन के एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला 19 सितम्बर को प्रातः 10:30 बजे जिला न्यायालय परिसर के एडी.आर भवन के सभागृह में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से आयोजित की जायेगी।

### पिछड़ा वर्ग आयोग का कार्यकाल 6 माह बढ़ाया

**सीहोर।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के कार्यकाल में छह माह की वृद्धि कर दी है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार आयोग का कार्यकाल सितंबर 2025 से बढ़ाकर अब फरवरी 2026 तक कर दिया गया है।

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत अब ऑनलाइन भी

**सीहोर।** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल www.hrcnet.nic.in पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत या मोबाइल नम्बर 9810298900 एवं नागरिक सेवा केंद्र यानि सीएससी में 30 रुपए का शुल्क जमा करके अपनी शिकायतें ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं।

### जिले में अब तक 9.62 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 9.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 1.0, मिलीमीटर, श्यामपुर में 7.0, आष्टा में 52.0, जावर में 0.0, इछावर में 13.0, भैरूंदा में 0.0, बुधनी में 1.0, रेहटी में 1.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 17 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 962.0 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 1023.7 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा अधीक्षक भू-अभिलेख के अनुसार 01 जून से 17 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 873.6, मिमी दर्ज की है।

## दिगंबर जैन समाज में चल रहे धार्मिक प्रवचन का समाजजन ले रहे लाभ

# शुभ या अशुभ कर्मों का कर्ता मनुष्य स्वयं ही होता है: मुनि विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

संसार में जीव अकेला ही आता है, और अकेला ही मरण को प्राप्त हो जाता है। यह जीव संसार की चारों गतियों में भ्रमण करता है। अकेला ही आठ कर्मों को करता है। जैसी भावना करोगे वैसा ही कर्म का बंध होता है। शुभ या अशुभ कर्मों का कर्ता मनुष्य स्वयं है। जितना हम घर- परिवार के साथ राग,मोह रखते हैं उतना अगर भगवान से रखे तो हमारी आत्मा का कल्याण हो जाएगा।

दिगंबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज सा. द्वारा गुरुवार को अपने प्रवचन के दौरान यह बात समाजजनों के समक्ष कही गई।

मुनिश्री ने कहाकि जीव अकेला ही भ्रमण व मरण करता है। कर्मों के फल को भी अकेला ही भोक्ता है। लेकिन सभी जीव इस सत्य को स्वीकार नहीं कर पाते हैं। यह तो मानते हैं कि मैं ही सब कुछ करता हूं। मनुष्य में कर्तत्व बुद्धि तो है। हमारी यहां भ्रांति है कि मैं ही सब कुछ कर रहा हूं। हम जिस परिवेश में रहते हैं उस परिवेश को अपना मान बैठते हैं। उन्होंने कहाकि दूसरे के द्वारा किए गए कर्म का फल हमें नहीं मिलता है।




और हमारे कर्मों का फल दूसरों को नहीं मिलता है। यही मिथ्या भ्रांति हमारी है। जो कर्म स्वयं अपनी आत्मा के द्वारा किए जाते हैं क्या दूसरे व्यक्ति को फल दे सकते हैं, नहीं। हमारे द्वारा किए कर्मों का क्या होगा।

उन्होंने कहाकि पाप कार्य करने वाले में अगर हमारी सहमति है तो हम भी पाप बंध करते हैं। कर्म करने वाला एक होता है, लेकिन भोगने वाले अनेक होते हैं। राजा दूसरे राज्य पर आक्रमण करता है तो सैना को पाप नहीं लगेगा। राजा को पाप लगेगा। कर्म करता एक है लेकिन अनुमोदन करने पर फल सभी को भोगना पड़ेगा। इसीलिए श्रीपाल को कुष्ठ रोग हो गया। जैसे हमारे भाव होते हैं, वैसे हमारे को फल प्राप्त होता है। शुभ कार्य करने पर शुभ फल प्राप्त होगा। अशुभ कार्य करने का अशुभ फल प्राप्त होगा मुनिश्री ने कहाकि दूसरे को पीड़ा होने पर हम प्रसन्न हो रहे हैं। लेकिन इसमें हमें पाप कर्म का बंध हो रहा है। कर्म की परिणिति तो सदैव होती है इस संसार में कोई मैनेजमेंट नहीं कर रहा है स्वतः ही यह सृष्टि मैनेजमेंट हो रही है। अगर कोई इस सृष्टि को बनाने वाले हैं तो उस व्यक्ति को बनाने वाले कौन हैं। सृष्टि की रचना अनादिकाल से है। कल्पकाल का योग निरंतर चलता रहता है। निमित्त, नैमित्तिक संबंधों से ही यह प्रकृति मैनेजमेंट हो रहा है।

मुनिश्री ने कहाकि शुभ कर्मों का अनुमोदन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। छोटा बच्चा भी प्रफुल्लित भाव से महाराज के आहार की अनुमोदना करता है तब प्रबल पुण्य का संयोग बनता है। अनुमोदन करने से पुण्य योग बनता है तब धन आपके पीछे भागता है। जैसी भावना करोगे वैसा ही कर्म का बंध होता है। उन्होंने कहा कि आप अपने कर्मों का कर्ता स्वयं ही है। शुभ या अशुभ कर्मों का कर्ता आप ही स्वयं है। आत्मा में तललीनता है तो जीवन में आत्मा के आनंद का परम अनुभव होगा। यहां जीव अकेले कर्म करता है तथा अकेला ही उसका भोक्ता है। अकेला जीता है, मरता है। किसी की भी शरण नहीं मिलती है।

मुनिश्री ने कहा कि तुम अपने बेटे के कर्म को भी टाल नहीं सकते। आचार्य भगवंत कहते हैं जैसा कर्म करोगे वैसा ही उदय में आएगा। जितना तुमने घर परिवार के साथ राग, मोह रखा यदि उतना अगर भगवान से करते तो तुम्हारे जीवन का उद्धार हो जाता। अपने विषय में सोचो, दूसरे के बारे में मत सोचो। जितना तुम्हारा पुण्य होगा उतना ही धन प्राप्त होगा। आरंभ - सारंभ जितना करोगे उतना ही नरक गति का बंध होगा। व्यापार करो लेकिन ऐसा व्यापार करो जिससे आरंभ - सारंभ न हो।

## सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजन

# एक पेड़ अपने पितरों के नाम के तहत किया पौधों का रोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के तत्वाधान में श्राद्ध पक्ष में "एक पेड़ अपने पितरों के नाम₹ कार्यक्रम के तहत स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर केशव कुंज गुदरावन में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में छायादार पौधे,औषधि पौधों का रोपण तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में शताब्दी वाटिका,शताब्दी नक्षत्र का भी रोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि जिला संयोजक पवन चतुर्वेदी,राष्ट्रीय सेविका समिति कार्यवाहिका भार्गवी जोशी, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि की नारी शक्ति प्रमुख प्रमिला मुनोत, नलखेड़ा शिक्षण समिति सदस्य किशन नाथ,विद्या भारती के आचार्य जीवन गोस्वामी, ललित चौहान, दीपक गौड, शिवम नागर, अभिषेक शर्मा, गिरिराज कुंभकार, कुलदीप गायरी, यशवर्धन सिंह, नरेंद्र चौहान व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# गुरुकुल के आठ छात्रों का संभाग स्तर के लिए हुआ चयन



**नलखेड़ा।** आगर मालवा में 17 सितंबर को आयोजित शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत स्थानीय गुरुकुल कॉन्वेंट स्कूल के 8 छात्रों का खेल प्रतियोगिताओं में संभाग स्तर के लिए चयन हुआ है। आगामी दिनों में संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए में अंडर 17 में छात्र मधुसूदन पाटीदार, बलराम पाटीदार, सार्थक विट्ठल और अंडर 19 में प्रखर सोनी, देवप्रताप सिंह, देवेंद्र गुर्जर, अनमोल राठौर का चयन हुआ है। छात्रों ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान संभाग में बनाया है । साथ ही जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता अंडर 17 में विद्यालय के छात्र भव्यराज सिंह और अंडर 19 में राजवीर सिंह राजपूत का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ है। विद्यालय की खेल शिक्षिका रुक्मणि पांचाल के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा खेल प्रतियोगिताओं में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है। संभाग स्तर पर चयन होने पर विद्यालय प्राचार्य कमल किशोर पाटीदार द्वारा छात्रों का सम्मान कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई और आगामी प्रतियोगिताओं में भी इसी प्रकार अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया गया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।



# राजस्व विभाग की बड़ी कार्रवाई

**नलखेडा।** राजस्व विभाग द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुवे नलखेड़ा के डोकरपुरा पटवारी हल्के की 16 बीघा गोचर भूमि से अतिक्रमण हटाया गया है। गुरुवार को तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव की उपस्थिति में राजस्व विभाग के दल द्वारा नलखेड़ा के डोकरपुरा पटवारी हल्का के सर्वे नंबर 681 रकबा लगभग 16 बीघा जोकि शासकीय गोचर भूमि है को अतिक्रमण मुक्त किया गया। प्रशासन द्वारा जेसीबी के माध्यम से तार फेंसिंग हटाकर खड़ी फसल को जेसीबी के माध्यम से नष्ट कर अतिक्रमण हटाया गया। तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षा प्रारम्भ हो जाने के कारण अन्य सर्वे नंबर की गोचर भूमि से अतिक्रमण नही हटा पाए है जिसे नवरात्रि के बाद हटाया जाएगा। गौरतलब है कि गत दिनों एक वाहन की टक्कर से एक बछड़े की मौत के बाद हुवे चक्काजाम के दौरान गोभक्तों की मांग पर तहसीलदार द्वारा गोचर भूमि से शीघ्र अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया था जिसमे से उक्त सर्वे नंबर को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।



## सुसनेर विधायक ने शांति समिति की बैठक में रखा मुद्दा

# मां बगलामुखी मंदिर पर वीआईपी दर्शन व्यवस्था बंद करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पर आगामी शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान आम भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वीआईपी दर्शन व्यवस्था को बंद करने की पूरजोर मांग सुसनेर क्षेत्र के विधायक भैरूसिंह परिहार बापू द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उठाई गई। बुधवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित शांति समिति की बैठक में सुसनेर से कांग्रेस विधायक भैरोसिंह परिहार बापू ने नलखेड़ा में स्थित प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी



मंदिर में वीआईपी दर्शन व्यवस्था को बंद करने की जोरदार मांग उठाई। उन्होंने कहा कि आगामी नवरात्रि पर्व के दौरान देशभर से लाखों श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में वीआईपी लोगों को गर्भगृह तक दर्शन की सुविधा मिलने से आम श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। विधायक ने जोर देकर कहा, मंदिर में सभी श्रद्धालु एक समान हैं। वीआईपी व्यवस्था के कारण आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जो उचित नहीं है। उन्होंने प्रशासन से सभी के लिए समान दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## नवदुर्गा पांडाल विद्युत तारों एवं पोल के आसपास स्थापित न करें, जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

# आगामी त्योहारों के दौरान जिले में शांति एवं सौहार्द्र बना रहे: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगामी त्यौहारों के दौरान शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाएं रखने हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि आगामी त्यौहारों के दौरान जिले में शांति एवं सौहार्द्र बना रहे, सभी एक-दूसरे धर्म का सम्मान करते हुए भाईचारे से त्यौहार मनाएं। त्यौहारों के दौरान पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पैनी नजर रखी जाएगी।



शांति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने वाले आसामाजिक तत्वों पर कठोर कार्यवाही होगी। कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों के सुझाव सुनते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आगामी त्यौहार नवरात्रि, दशहरा, वाल्मीकि जयंती के दौरान जिले में होने वाले आयोजनों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि नवरात्रि पर्व के दौरान नवदुर्गा घट स्थापना एवं गरबा पांडाल विद्युत तारों एवं विद्युत पोल के आसपास स्थापित नहीं करें, न ही ऐसे स्थानों पर बनाएं जिससे यातायात बाधित हो। आयोजक समिति अनुमति लेकर ही पांडाल स्थापित करे, जिसकी सूचना संबंधित थाना व एसडीएम को दे। पांडालों में सीसीटीवी कैमरे लगवाए एवं बांस व बल्ली लगाकर सुरक्षा करे। साथ ही पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करे।




गरबा स्थल के पांडालों में रात्रि में निगरानी हेतु वालेन्टियर नियुक्त करे तथ उनके नाम, मोबाईल नम्बर की जानकारी थानों पर दी जाए। गरबा स्थलों पर मोबाईल से फोटो-वीडियों नहीं बनाये जाए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग में म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधिनियम का पालन करें तथा भक्तिगीत ही बजाएं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु स्थल का चयन कर ले, चयनित स्थल के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर विसर्जन ना हो। एसडीएम स्तर पर सभी नवरात्रि उत्सव समितियों को बैठक लेकर सुरक्षा की दृष्टि से सभी व्यवस्था करवाई जाए। दशहरा पर्व पर जिले में रावण दहन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए। त्योहारों के दौरान धारदार हथियार का प्रदर्शन प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर ने सीएमओ नगरीय निकायों एवं विद्युत विभाग के अधिकारी को साफ-सफाई एवं झूले हुए विद्युत तारों को ऊपर करवाने के निर्देश दिए । उन्होंने जिले के माता मंदिरों में सुरक्षा की दृष्टिगत आवश्यक पुलिस बल एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। सुसनेर विधायक भैरूसिंह परिहार बापू ने नवरात्रि के दौरान बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में दर्शन एवं पार्किंग व्यवस्था आदि पर सुझाव दिए। भाजपा जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने त्योहारों पर होने वाले आयोजनों की जानकारी दी एवं व्यवस्थाओं के सुझाव दिए। कलेक्टर ने शांति समिति के सदस्यों के सुझावों पर अमल करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, नपाध्यक्ष श्री पटेल , भेरूसिंह चौहान, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, एएसपी रविन्द्र कुमार बोयट, एसडीम मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, विजय लक्ष्मी तंवर, दिनेश परमार, शहरकाजी वसुउद्दीन काजी, अंजुमन सदर शम्मीउल्ला कुरैशी, सुरेन्द्र मारू, दूल्हेसिंह गौड़, महेश जैन, भरत प्रजापत, गंगाराम जोकचंद, सहित समिति के अन्य सदस्य और पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकारगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जीएसटी रिफॉर्म पर पीएम मोदी को भेजा धन्यवाद प्रस्ताव




**चापडा।** करनावद नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव भेजा गया। प्रधानमंत्री द्वारा जी एस टी रिफॉर्म किए जाने पर यह धन्यवाद प्रस्ताव भाजपा नेता जीएस टी रिफॉर्म टोली जिला सह संयोजक सुनील पुरोहित के हाथों प्रेषित किया गया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, भाजपा नेता किशोर यादव, ईश्वर प्रजापत, पंकज पाटीदार नगर परिषद के पार्षद गण और सीएमओ मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा नेता सुनील पुरोहित को जीएस टी रिफॉर्म टोली का जिला सह संयोजक बनने पर पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

### स्कूलों में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां

**देवास।** प्रदेश सहित देवास जिले में 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की स्कूलों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें साफ-सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता की शपथ दिलाई गई एवं विद्यालय को स्वच्छ रखने में उनकी भूमिका एवं दायित्व पर भी बच्चों को समझाइश दी गई।

### थाना बरोठा पुलिस ने राजस्थान के चार शातिर आरोपी किए गिरफ्तार

# स्क्रैप वाहनों का फर्जी रजिस्ट्रेशन करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

आरोपियों के पास से एक लैपटॉप,पीन डॉट मशीन,कंप्रेशर,ब्राइडल कंट्रोलर सहित करीब 7 करोड़ की 24 बसें जब्त।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

पुलिस ने पुराने और स्क्रैप वाहनों का अवैध रूप से रजिस्ट्रेशन करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा गुरुवार को किया। एसपी पुनीत गेहलोद ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर मामले की जानकारी।दी। एसपी गेहलोद ने बताया कि पुलिस ने राजस्थान के भीलवाड़ा के चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर 24 बसें जप्त की हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 7 करोड़ रुपए है। गिरोह पुराने वाहनों को स्क्रैप घोषित किए जाने के बावजूद, दूसरे राज्यों से फर्जी तरीके से एनओसी बनवाकर मध्यप्रदेश में दोबारा रजिस्ट्रेशन करवाता था।

### थाना बरोठा ने की कार्रवाई

08 सितम्बर को थाना बरोठा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सिरोल्या स्थित सिंगाजी मंदिर के पास दो संदिग्ध व्यक्ति एक बस के इंजन और चैचिस नंबर से छेड़छाड़ कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय गुर्जर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दो आरोपियों सद्दाम हुसैन और असरफ को हिरासत में लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के रहने वाले हैं और यह काम राकेश गांधी नामक व्यक्ति के कहने पर करते हैं। राकेश गांधी इस गिरोह का सरगना है जो अन्य राज्यों से पुराने वाहनों की एनओसी फर्जी तरीके से बनवाकर मध्यप्रदेश में उनका अवैध पंजीकरण करवाता है। सद्दाम और असरफ की जानकारी पर गिरोह के अन्य दो सदस्यों समीर उर्फ संजय और इसराज को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों पर थाना बरोठा में केस दर्ज कर तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों के पास से 24 अवैध बसें और एक कार समेत कुल करीब 7 करोड़ रुपए की संपत्ति जप्त की है। पुलिस ने इस मामले में दस दिनों तक कार्रवाई की।

### विभिन्न धाराओं में प्रकरण किया दर्ज

थाना बरोठा पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 383 /25 धारा 318(4),341(1),341(2) बीएनएस पंजीवद्ध कर 04 आरोपी गिरफ्तार व उनकी निशानदेही पर 24 बसें जप्त की। एक हुंडई कार (i10) वाहन क्रमांक आरजे 51सीए2696, पिन मशीन, कंप्रेसर पाइप, कंट्रोलर, एडाप्टर, लैपटॉप, ग्राइंडर,एक्सटेंशन बोर्ड,वायर आदि एवं मौके से जप्त बस सहित 24 बसें कुल 7 करोड़ रुपए का मश्रुका जप्त किया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक अजय गुर्जर, उनि मलखान सिंह भाटी, मयंक वर्मा, हर्ष चौधरी, सउनि हरीष कुमार, ईश्वर मण्डलोई, विनय तिवारी, गोरी शंकर,प्रआर जितेन्द्र गोस्वामी, प्रदीप शर्मा, तेजसिंह, सचिन पाल, दयाराम, नंदराम,धर्मन्द्र जाधव, आर विजेन्द्र, जगदीश, पीयूष पटेल,विकास,अजय पाल, आशीष, सूरज राठौर, अरूण परमार, पवन, अक्षय कौशल, अतुल वर्मा एवं सायबर सेल टीम से प्रआर सचिन चौहान, शिवप्रताप सिंह सेंगर,आर मोनू राणावत की सराहनीय भूमिका रही।



# बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की हुई समीक्षा

### 15 दिवस में कार्य पूर्ण करने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में जिला पंचयात सभाकक्ष में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा ने जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा कर सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के अपूर्ण कार्यो को आगामी 15 दिवस में पूर्ण करें। शर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत सरपंच सीईओ जनपद के माध्यम से नल जल योजना हस्तांतरित करें। उन्होंने कहा कि 15 दिवस बाद पुनः समीक्षा की जाएगी। 15 दिवस में कार्य नहीं नहीं होने पर संबंधित उपयंत्री पर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सीईओ शर्मा ने कहा कि समयसीमा और गुणवत्ता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में ईई पीएचई, सभी जनपद सीईओ, एसडीओ पीएचई, सरपंच एवं ठेकेदार उपस्थित थे।

### उपजेल में लगा विधिक साक्षरता शिविर




**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र द्वारा गुरुवार को उप जेल बागली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।उक्त शिविर में जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा उपस्थित बंदियों को उनके अधिकार एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही सकारात्मक सोच के साथ अपने परिवार एवं समाज में रहने के लिए मार्गदर्शन देकर उपस्थित बंदियों को अच्छे जीवन जीने हेतु प्रेरित किया।

# संभागायुक्त सिंह और एडीजी जोगा ने माता टेकरी का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं से नजर आए संतुष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से मनाया जाना है। नवरात्रि पर्व पर देवास में माताजी की टेकरी पर की जा रही आवश्यक व्यवस्थाओ एवं तैयारियों को लेकर संभागायुक्त उज्जैन आशीष सिंह और एडीजी उमेश जोगा ने गुरुवार को माता टेकरी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने माता टेकरी पर मां तुलजा भवानी एवं मां चामुंडा के दर्शन कर पूजा अर्चना की और टेकरी पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त आशीष सिंह और एडीजी उमेश जोगा अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवरात्रि पर्व के दौरान माताजी की टेकरी पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने पार्किंग, श्रद्धालुओं की भीड़ ज्यादा होने पर प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को माताजी के दर्शन सुगमता से हो इस बात का ध्यान रखा जाएं।

श्रद्धालुओं की भीड़ एक साथ न हो इसके लिए श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चलायमान तरीके से दर्शन कराये। दर्शनार्थियों को एक जगह ज्यादा देर खड़े रहने दिया जाए।संभागायुक्त सिंह ने कहा कि आज व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया है स्थानीय प्रशासन कलेक्टर, एसपी ने अच्छी व्यवस्थाएं की है। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद, नगर निगम कमिश्नर दलीप कुमार, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, एसडीएम आनंद मालवीय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### निगमायुक्त के निर्देश पर सार्वजनिक स्थलों से हटाए फ्लेक्स



**देवास।** नगर निगम ने गुरुवार को सार्वजनिक स्थलों से फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई की। कार्रवाई के बाद नाराज नेता निगमायुक्त के मिलने पहुंचे गए।दरअसल देवास में नगर निगम द्वारा नेताओं के फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई के दौरान फ्लेक्स लगाने वालों ने नवागत निगमायुक्त दलीप कुमार से मुलाकात की। गुरुवार सुबह निगम टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर लगे फ्लेक्स हटाने की कार्रवाई शुरू की, लेकिन फ्लेक्स को कचरा गाड़ी में डालकर हटाया गया, जिसके कारण लोग नाराज हुए। आरोप है कि, फ्लेक्स में लगे माताजी के फोटो को कचरा गाड़ी में डाला गया है, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हुईं है। इसके अलावा, लोगों का मानना है कि फ्लेक्स हटाने का तरीका अपमानजनक था। अगर उन्हें पहले बताया जाता तो वे खुद फ्लेक्स हटा देते। इधर नवनियुक्त निगमायुक्त कुमार ने कहा है कि, शहर में नवरात्रि पर्व की तैयारी चल रही है और साज-सज्जा का काम निगम द्वारा किया जा रहा है। काम नियमों के अनुसार किए जा रहे हैं। ट्रैफिक को ध्यान में रखकर कार्य किया गया है। निगम स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे के द्वारा बताया गया कि शहर के प्रमुख मार्ग मे उजजैन रोड पेट्रोल पम्प चौराहे से उज्जैन रोड ब्रिज तक एवं रामनगर फ्लाई ओव्हर ब्रिज से एबी रोड से कलेक्टर कार्यालय, भोपाल बायपास तक लगभग 5 सौ छोटे बडे फ्लेक्स, बैनर्स निकालने की कार्यवाही की गई।

### ग्रामीण कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी जिला अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार गुरूवार को नगर चापड़ा पहुंचे। उनके आगमन पर हाटपीपल्या मार्ग पर एनएसयूआई संगठन के कार्यकर्ताओं एवं बागली रोड पर धर्मेंद्र सिंह सेंधव बामनखेडी के नेतृत्व में मनीष चौधरी का साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर चौधरी ने कहा कि बागली विधानसभा में कांग्रेस को मजबूती से आगामी विधानसभा चुनाव में जमीनी स्तर पर खड़ा देखा जाएगा। चापडा आगमन पर जितेंद्र सिंह गौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक पटेल ,जनपद उपाध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, गोपाल भोंसले, अध्यक्ष कमल मस्कोले का युवा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान राजेश दुग्गड,रघुनाथ सिंह चौहान, रमेशचंद्र सोलंकी,दिलीप गुर्जर ,धर्मेंद्र सिंह सेंधव, रोहित राजपूत, राजेश दुग्गड आदि उपस्थित रहे।

# सागवान लकड़ी से भरे वाहन को वन विभाग ने जब्त कर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बुधवार रात मुखबिर कि सूचना पर सागवान लकड़ी से भरे एक पिक अप वाहन को वन विभाग कि टीम ने जप्त किया।जानकारी अनुसार लकड़ी माफिया व्दारा पिअकप लोडिंग वाहन में अवैध सागवान लकड़ी भरकर परिवहन किए जाने कि सूचना वन विभाग को मिली थी, जिस पर उपवन मंडलाधिकारी बागली निर्देशानुसार परिक्षेत्र जिनवानी के स्टाफ व वन परिक्षेत्र बागली के रात्रि गस्त दल द्वारा डेहरी जंगल क्षेत्र से एक पिकअप वाहन का पीछा कर, परिक्षेत्र जिनवानी के मुख्य मार्गो की विभिन्न टीमों द्वारा नाकाबंदी की गई व ग्राम हस्याखेड़ी मे पिकअप को रोका गया, जिस पर चालक फरार हो गया। वाहन की तलाश की गई, पिकअप वाहन को सागोन सिल्ली/लठ्ठा नग 27/ 2.376 घ मी, कीमत 1 लाख 33618 रुपये का अवैध परिवहन करते हुए जप्त कर वन अपरध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में डिप्टी रेंजर नंदराम गोस्वामी, वनरक्षक दीपक पंवार, अजयसिंह डोडियार, भारत सिंह, अनिल निनामा, जितेंद्र गुर्जर, विजेंद्र वाघेला, शिवम परमार, स्थाईकर्मी शौकत व बागली गस्ती दल का विशेष योगदान रहा।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी व्दारा ब्लाक स्तर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# भाजपा सरकार फसल बीमा के नाम पर कर रही ठगी: चौधरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

प्रतिवर्ष किसानों के खातों से प्रीमियम के नाम पर फसल बीमा योजना के अंतर्गत बैंकों से ही राशि काट ली जाती है, लेकिन जब किसान की फसल खराब होती है, तब उन्हें उचित बीमा राशि नहीं दी जाती है।

भाजपा सरकार बीमा कंपनियों के साथ मिलकर किसानों के साथ ठगी कर रही है। 2024 में भी सोयाबीन फसल खराब हुई थी, लेकिन किसानों को उचित फसल बीमा राशि नहीं मिल पाई। इस वर्ष भी सोयाबीन फसल खराब है। प्याज का भाव नहीं मिल रहा है,किसानो को खाद नहीं मिल पा रहा है। इन दिनों किसान परेशान हैं, कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ है। सरकार द्वारा सैटेलाइट सर्वे कर किसानों को भ्रमित किया जा रहा है। जमीनी स्तर पर राजस्व टीम के द्वारा सर्वे करा कर जमीन वास्तविक स्थिति के आधार पर किसानों को फसल बीमा की राशि मिलना चाहिए। उक्त बातें बागली के एक निजी गार्डन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के व्दारा ब्लाक स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कही।

चौधरी ने बागली विधानसभा के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि पुराने सारे गिले शिकवे भूलकर अब एकजुट होकर बागली विधानसभा के लिए कार्य करना होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में सभी को एकजुट होकर साथ खड़े होकर जीत का परचम पहराना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, जितेंद्रसिंह गौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नाहर सिंह मुजाल्दे, उपाध्यक्ष रामेश्वर गुर्जर, जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष निर्मला हुकम कंठाली, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी गोपाल भोसले मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान दिलीप गुर्जर के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी बागली द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया। स्वागत भाषण कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कमल मस्कोले ने दिए।

कांग्रेस कार्यकर्ता तेज बारिश में ही भिगते हुए हाथों में खराब सोयाबीन फसल के पौधे लेकर कार्यक्रम स्थल से रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय बागली पहुंचे। जहां पर किसान हितैषी मांग को लेकर एसडीएम शिवम यादव को जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में वर्तमान में सोयाबीन फसल प्राकृतिक बीमारियों के कारण खराब हो चुकी है, जिसका सर्वे कर किसानों को उचित बीमा राशि व मुआवजा देने की मांग की गई है। इस दौरान कमल सोनी, मनोज कंठली, श्यामा तोमर,नंदू रावत,जीतू पचौरिया,अनार सिंह सेंधव, राहुल सेंधव, प्रवीण भंडारी, सुनील जायसवाल,प्रविण चौहान,रहमद तुला,अंतर पाटीदार, संतोष गामी, धर्मेंद्र सिंह सेंधव, राजेन्द्र यादव,कमलेश परमार,इंदर पाचौरिया, संतोष कुमारिया, दिनेश सोलंकी, सुनील पाटीदार सहित एन एस यू आइ संगठन के कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# एकादशी पर्व पर सजा खाटू श्याम का दरबार, पूर्व मंत्री वर्मा ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नेवरी फाटा स्थित श्री बाबा खाटू श्याम मंदिर क्षेत्र का सबसे बहुचर्चित मंदिर है। मंदिर पर प्रत्येक एकादशी बाबा श्याम के कीर्तन होते हैं। हजारों की संख्या में भक्त दर्शन करने आते हैं। कई जगह से निशान यात्रा भी आती है।

बुधवार को इस एकादशी पर सोनकच्छ के समीप सांवेर से निशान यात्रा मंदिर पर पहुंची। वहीं क्षेत्र के आसपास के कई महिला, पुरुष प्रत्येक एकादशी अनुसार इस एकादशी को भी नेवरी फाटा धाम पैदल पहुंचे और बाबा के दर्शन किए। वही गुरुवार को पुर्व मंत्री, सोनकच्छ विधानसभा के पूर्व विधायक सज्जन सिंह वर्मा ने भी बाबा खाटू श्याम के दर्शन किए।

उनके साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, पुर्व जिला अध्यक्ष अशोक कप्तान, मनोज राजानी ने भी दर्शन किए। इस एकादशी पर भजन गायक पूजा नम्रता शर्मा, अमित राणावत ने अपने मीठे भजनों से बाबा शाम को रिझाया। यादव मिल्क सेंट नेवरी फाटा के मालिक दौलत यादव द्वारा प्रसादी का वितरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### डायल 112 में तैनात मुख्य आरक्षी से किया गया साइबर फ्रॉड

**ललितपुर।** बस एक कॉल आया और खाते से हजारों रुपये स्थानान्तरित हो गये। जी हां, इस प्रकार के फ्रॉड आमतौर पर देखने और सुनने को मिल रहे हैं। साइबर फ्रॉड का एक ताजा मामला प्रकाश में आया है। थाना पाली के डायल 112 में तैनात हेड कांस्टेबिल के साथ साइबर फ्रॉड के जरिए 91 हजार रुपये खाते से ट्रान्सफर हुये हैं, इसे लेकर मुख्य आरक्षी ने साइबर थाना पुलिस को शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज करायी है। डायल 112 में तैनात हेड कांस्टेबिल महेन्द्र सिंह पुत्र परमलाल ने बताया कि बीती 30 अगस्त को उसके मोबाइल नम्बर पर एक कॉल आया, जिसे उसने अटेण्ड किया। सामने वाले व्यक्ति ने स्वयं को एसबाईआई से होने की बात कहते हुये एसबीआई योनो लाइट ऐप के संचालन की जानकारी ली। मुख्य आरक्षी ने जब उक्त ऐप के लिए मना किया तो उक्त व्यक्ति द्वारा कहा गया कि एसबीआई योनो लाइट ऐप चलाना चाहते हैं, जिस पर मुख्य आरक्षी ने मना कर दिया और फोन कट गया। मुख्य आरक्षी ने बताया कि 3 सितम्बर 2025 को उसका बैंक खाता जो कि बैंक ऑफ बड़ौदा में है से 91 हजार रुपये कट गये। रुपये अचानक कटने की जानकारी लेने के लिए जब वह बैंक पहुंचा और पता किया तो बैंक कर्मियों ने बताया कि यूपीआई के जरिए ऑनलाइन ट्रान्जेक्शन हुआ है। बैंक कर्मियों ने उक्त ट्रान्जेक्शन का यूटीआर नम्बर भी मुख्य आरक्षी को दिया। मुख्य आरक्षी ने बताया कि उसने किसी भी तरह का कोई भी यूपीआई ट्रान्जेक्शन नहीं किया है, उसके साथ धोखाधड़ी हुयी है। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुख्य आरक्षी महेन्द्र कुमार की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### गालियां देने से मना करने पर मारपीट, जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** पास के गांव देलवारा में रहने वाले अनंत शंकर मालवीय पुत्र श्रीराम मालवीय ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। आरोप है कि गांव में रहने वाला मोहित मालवीय उसे आये दिन गालियां देता है, मना करने पर मारपीट पर आमादा हो जाता है। बताया कि बुधवार की देर शाम करीब 7 बजे वह गमी से घर आया था, तभी मोहित मालवीय पुत्र विनोद मालवीय शराब के नशे में धुत्त होकर उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर मोहित ने उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### राजीनामा कराने गए व्यक्ति से की गई मारपीट

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम कल्यानपुरा के मजरा कंचनपुर निवासी बुद्धराम कुशवाहा पुत्र जशरथ ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 17 सितम्बर को किसी भैंसों के मुकद्दमें में राजीनामा की बात को लेकर सुबह 11.30 बजे कल्लू पुत्र दादे यादव व साथ में सतेन्द्र पुत्र सनत दोनों ने गालियां दीं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट कर दी। इस हमले में वह घायल हो गया। उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सामान खरीदने जा रहे बाइक सवार को कार ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना भानगढ़ के ग्राम दुधावनी में रहने वाले प्रहलाद राय पुत्र आशाराम राय ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। प्रहलाद ने बताया कि बीती 15 सितम्बर को अपराह्न करीब 12 बजे वह अपने घर का सामान खरीदने के लिए ललितपुर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में जाखलौन-ललितपुर रोड पर पेट्रोल पम्प के सामने से आ रहे चार पहिया गाड़ी संख्या यू.पी.94 ए.टी. 0820 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके हाथ में काफी चोट लग गयी। जाखलौन पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत अगस्त की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी ने ली

# फसल के सापेक्ष बीमा क्लेम में बीमा कंपनी के क्लस्टर प्रभारी को फटकारा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अमनदीप डुली ने जनपद के प्रमुख अधिकारियों के साथ मुख्यमन्त्री डैशबोर्ड के अन्तर्गत माह अगस्त 2025 में विभिन्न विभागों/योजनाओं की समीक्षा हेतु बैठक की और खराब प्रगति वाले विभागों को अगले माह तक प्रगति में अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विभागीय लक्ष्यों में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जिन विभागों की अगस्त में प्रगति अपेक्षानुसार नहीं रही, वे और मेहनत करें तथा प्रगति बढ़ाकर जिले की रैंकिंग सुधारें। इसके साथ ही प्रतिमाह अपनी प्रगति पोर्टल पर फीड करायें। कृषि विभाग की समीक्षा की दौरान किसानों की फसल में हुई हानि की क्षतिपूर्ति कराने हेतु भारतीय कृषि बीमा कम्पनी के क्लस्टर प्रभारी राजेश जायसवाल को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि वह सर्वे के आधार पर तत्काल क्षतिपूर्ति कराना सुनिनिश्चत करें। मत्स्य विभाग के कार्यों में शिथिलता व लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शत-प्रतिशत मत्स्य पट्टे आवंटित करायें और मत्स्य पालकों को केसीसी कार्ड जारी करायें। दुग्ध उत्पादन सहकारी संघ के प्रबंधक बैठक में अनुपस्थित होने पर नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गए। साथ ही उपस्थिति प्रतिनिधि को शहर में दुग्ध बिक्री केन्द्र खोलने के निर्देश दिये ताकि स्थानीय लोगों को उचित दर पर शुरु दूध उपलब्ध हो सके।

समाज कल्याण द्वारा संचालित चारों छात्रावासों में छात्रों का प्रवेश कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। पशु पालन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये गए कि बुन्देलखण्ड की उपयोगी थारपारकर नश्ल के सीमन का प्रयोग करते हुए क्षेत्रीय पशु केन्द्रों पर कृत्रिम गर्भाधान कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उपायुक्त स्वतः रोजगार रमेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए दीपक कुमार यादव, सहायक वनाधिकारी सत्येन्द्र कुमार तोमर, अग्रणी जिला प्रबंधक रंजीत कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी कुवंर सिंह यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला बाल कल्याण व संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक का आयोजन



जिलाधिकारी अमनदीप डुली की अध्यक्षता में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति मिशन वात्सल्य की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 18 वर्ष के बच्चों के संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, बालश्रम, यौन षोशण, पलायन, मानव तस्करी, भिक्षावृत्ति, कार्य स्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, दहेज प्रतिशेध अधिनियम, बाल विवाह आदि बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बाल संरक्षण सेवायें पूर्व नाम समेकित बाल संरक्षण योजना के तहत गठित जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति एक अत्यन्त संवेदनषील समिति है, जिसके अन्तर्गत त्रिस्तरीय समिति का गठन किया जा चुका हैं जिसमें 06 ब्लॉक स्तर एवं 415 ग्राम पंचायत स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन किया जा चुका है। बैठक में अध्यक्ष द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में समस्त विभागों को एकजुट होकर कार्य करने हेतु कहा गया साथ ही जनपद में होने वाले बाल विवाह को रोके जाने हेतु सभी विभागों को प्रभावी कदम उठाकर विषेश कार्ययोजना बनाते हुए कार्य करने के निर्देष दिये गये। जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में जिला प्रोबेषन अधिकारी/जिला बाल संरक्षण अधिकारी, ललितपुर सदस्य सचिव, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति द्वारा बैंठक के एजेण्डा बिन्दु के अनुसार बैठक का विस्तृत रूप से संचालन किया गया एवं बताया गया कि समिति यह सुनिष्चित करेगी कि बाल श्रम, बाल यौन षोशण, पलायन, ट्रेफंकिंग अथवा किसी प्रकार की बच्चों के साथ क्रूरता जैसा व्यवहार न हो। उक्त बिन्दुओं पर किसी भी घटना के संज्ञान में आने पर समस्त तथ्यों का संकलन करते हुये सम्बन्धित थानों की विषेश किषोर पुलिस इकाई, जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड को तत्काल कार्यवाही हेतु सूचित करेगी साथ ही बाल विवाह रोकथाम मुक्त जनपद ललितपुर कराने के लिए टाक्स फोर्स की बैठक जिलाधिकारी द्वारा पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, पंचायती राज विभाग, श्रम विभाग, रेलवे एवं शिक्षा विभाग के उपस्थित अधिकारियों को बाल संरक्षण के क्षेत्र में सजगता, संवेदनषीलता एवं बाल विवाह रोकथाम हेतु गम्भीरता से कार्य करने हेतु निर्देश दिये गये कि सभी विभाग एजेण्डा बिन्दु के अनुसार अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे एवं बाल संरक्षण के हित में विषेश सहयोग प्रदान करें। बैठक के अन्त में अध्यक्ष, जिलाधिकारी जी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के वार्शिक कलैण्डर का विमोचन किया गया। सचिव विधिक सेवा प्राधिकारण मंयक जयसवाल, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष/सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, वन स्टॉप सेन्टर, चाइल्डलाईन, जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### पैदल मार्च निकाला

## टीईटी के विरोध में शिक्षक संघ पीएम के नाम ज्ञापन दिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद ललितपुर के हजारों शिक्षकों ने जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया के नेतृत्व में तुवन मैदान चौराहा से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाल कर जिलाधिकारी के माध्यम से देश के माननीय प्रधान मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के क्रम में देश के शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने पर उक्त आदेश को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए निरस्त किए जाने हेतु माननीय न्यायालय से अपील करते हुए देश के शिक्षक शिक्षकों के भविष्य एवं सेवा को सुरक्षित किए जाने के की मांग की।शिक्षकों ने माननीय प्रधानमंत्री जी से वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी परीक्षा से दूर रखे जाने की मांग की,क्योंकि जब उन्होंने नियुक्ति हेतु जारी विज्ञापन के अनुसार आवेदन किया था उस समय टीईटी की कोई बाध्यता ही नहीं थी फिर अचानक एकाएक टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने जैसा अव्यवहारिक आदेश जारी होने से शिक्षक परेशान हो गया है।

संबोधन में शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेश लिटौरिया ने कहा कि इस अव्यवहारिक आदेश के विरोध में यदि आवश्यकता पड़ी तो यह आंदोलन प्रदेश की राजधानी लखनऊ से लेकर देश की राजधानी नई दिल्ली तक जारी रहेगा। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों शिक्षक शिक्षिकाएं हाथों में बैनर लेकर काला कानून वापस लो के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर संगठन के जिलाअध्यक्ष राजेश लिटौरिया, जिला मन्त्री अरुण गोस्वामी, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बुंदेला,माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री सतेन्द्र सिंघाई ,माध्यमिक शिक्षक संघ के शिव लखन भारती और मुकेश पंत सहित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष रामकुमार पाठक, कोषाध्यक्ष संतोष रजक,अर्चना तिवारी ,आलोक गुप्ता, पवन स्वरूप पटेरिया, चन्द्र प्रताप सिंह, शोभना शांडिल्य ,शिल्पी गुप्ता, आलोक श्रीवास्तव, राजेश जैन, रमेश सिंह चौहान, आलोक स्वामी, अनूप सैनी, दिलीप सिंह बानपुर,नरेश कुमार, संजीव पटेरिया, अनूप बुन्देला, सुरेन्द्र जैन, राजीव लिटौरिया, शैलेश जैन,धर्मेंद्र जैन, सुनील कौशिक, जमील अहमद, हरिश्चंद त्रिवेदी, विनोद साहू, अशोक श्रीवास, संजीव लोहिया, चुन्नीलाल कुशवाहा,राजेश तिवारी,सुरेन्द्र पटेरिया,अखिलेश गोस्वामी, शीलचंद जैन, प्रकाश साहू, डी एल यादव , सुनील रावत, हरी शंकर भोंडेले, नैन्सी सोनी, नीरज लक्षकार, गया लाल रजक, अनिल पटेरिया, मनोज शर्मा, विशाल गुप्ता, सुशील रावत, मु युनुस, रियाज अहमद आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## सड़क, बिजली व पानी की व्यवस्था करें


### दशहरा से पहले व्यवस्थाओं को सुधारने दिया ज्ञापन



**ललितपुर।** श्रीरामलीला हनुमान जयंती महोत्सव समिति अध्यक्ष पं.बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में समिति सदस्यों ने एक ज्ञापन जिला प्रशासन व एसपी को दशहरा पर्व हेतु दिया। ज्ञापन में आह्वान किया गया कि दशहरा पर्व 2 अक्टूबर दिन गुरुवार को विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस संबंध में डीएम से रघुनाथजी मंदिर चौबयाना से शाम 4.30 बजे से शोभायात्रा जो कि अपने निर्धारित मार्ग चौबयाना, रावरपुरा, सुभाषपुरा, घंटाघर, शनिचरा चौराहा, आजाद चौक, नदीपुल, होते हुए रामलीला मैदान गोविंद नगर पर पहुंचेगी, जहां रावणवध एवं पुतला दहन की लीला खेली जाएगी। 30 सितंबर दिन मंगलवार को रामेश्वर पूजन हेतु शोभायात्रा रघुनाथजी मंदिर चौबयाना से साय 4 बजे से सेतु बंध रामेश्वरम मंदिर नदीपुल तक जाएगी। इस दौरान त्यौहार से पूर्व रामलीला मैदान की सफाई समतलीकरण एवं मार्ग का समतलीकरण सुरक्षा व्यवस्था फायर बिग्रेट एंबुलेंस एवं जल व्यवस्था अपने स्तर से सम्बन्धित विभागों से कराए जाने हेतु दिशा निर्देश जारी करने एवं एसपी को ट्रैफिक एवं पुलिस व्यवस्था हेतु 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मैदान में पुतलों की सुरक्षा हेतु एवं 30 सितंबर को रामेश्वरम पूजन स्थापना के दिन पुलिस व ट्रैफिक व्यवस्था व 2 अक्टूबर को रघुनाथजी मंदिर से शोभायात्रा हेतु पुलिस व ट्रैफिक व्यवस्था हेतु ज्ञापन दिया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं.श्यामांकांत चौबे, उपाध्यक्ष पं.राजेश दुबे, प्रबंधक हरविंदर सिंह सलूजा, महामंत्री डा.प्रबल सक्सेना, संयोजक जगदीश पाठक, कोषाध्यक्ष अमित तिवारी, मंत्री राकेश तामिया, ऑडिटर चंद्रशेखर राठौर, संगठन मंत्री भरत रिछारिया, अवधेश कौशिक, शिवकुमार शर्मा, धर्मेंद्र चौबे, मुन्नालाल त्यागी आदि उपस्थित थे।

### ललितपुर सेवा ग्रुप ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

## तीर्थ स्थलों को जोड़ने वाली ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग



**ललितपुर।** रेलवे स्टेशन पहुंचे मण्डल रेल प्रबंधक झांसी का ललितपुर सेवा ग्रुप ने आत्मीय स्वागत करते हुये तमाम ट्रेनों के स्टॉपेज स्वीकृत किये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। बताया कि सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड प्रमुख रूप से ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, जिले के हिन्दु यात्रियों को प्रसिद्ध तीर्थस्थल गयाजी (बिहार), दक्षिणेश्वर काली मंदिर कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) एवं जैन यात्रियों को जैन तीर्थराज सम्मेद शिखरजी जाने के लिये पारसनाथ स्टेशन (झारखंड) और कलकत्ता जाने के लिये सभी व्यापारियों को आने जाने के लिये सीधी रेल सेवा का संचालन नहीं है।

जिससे ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, जिलों के लोगों को यात्रा करने में बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए एक सीधी रेल सेवा चलाई जाये जो उज्जैन, भोपाल सांची, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, महोबा, चित्रकूट, प्रयागराज, गयाजी, पारसनाथ, हावड़ा स्टेशन कलकत्ता की ओर रेल सुविधा उपलब्ध हो जिससे दर्शनार्थियों के लिये यातायात सुलभ होगा और कलकत्ता रेल सुविधा से बुन्देलखण्ड के जिलों के गेंहू एवं कपड़ा व्यवसायियों को लाभ मिलेगा साथ ही राज्य सरकार और भारत सरकार के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी। इस हेतु रेल मार्ग निम्न प्रकार प्रस्तावित हैः- उज्जैन (महाकाल), भोपाल, सांची, विदिशा, गंजबासौदा बीना, ललितपुर, टीकमगढ़, छतरपुर, खजुराहो, महोबा, चित्रकूट, प्रयोगराज, गयाजी, पारसनाथ, हावड़ा स्टेशन (महाकाली)। इसके अलावा बहुत समय से ललितपुर मे मंगला एक्स., केरला एक्स., पनवेल एक्स. एवं गोवा एक्स. ट्रेनों के स्टॉपेज के मांग की जा रही है, किन्तु अभी तक इन ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं किया गया है। कृपया इन ट्रेनों के स्टॉप भी कराये जाए जिससे जनता को लाभ मिले एवं बुंदेलखंड के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। झाँसी से कोटा बाया ललितपुर ट्रेन चलाई जाये जिससे कोटा में कोचिंग कर रहे छात्रों को लाभ मिल सके। पनवेल एक्सप्रेस 15065/15066 का ललितपुर मे स्टॉप किया जाये जिससे लखनऊ मुख्यालय जाने में परेशानी न हो। प्लेटफॉर्म नं0 1 व 2 पर लिफ्ट निर्माण एवं स्टेशन सौन्दर्गीकरण के कार्य में तेजी लायी जाये, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने डीआरएम से रेल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान अध्यक्ष अंकुर जैन (सानू बाबा), ब्रजेश गुप्ता, अंकित सराफ मोनू, अभिषेक नामदेव, वासु जैन, भरत पटेल आदि उपस्तिथ रहे।

### बाबूलाल जैन दिवाकीर्ति की स्मृति में

## साहित्य भूषण सम्मान दो मनीषीयों को प्रदान किया



**ललितपुर ।** नगर के प्रतिष्ठित समाज सेवी स्वर्गीय बाबूलाल जैन साइकिल वालों की स्मृति में उनके परिवार द्वारा स्थापित, दिवाकीर्ति शिक्षा व कल्याण समिति द्वारा देश के दो मनीषियों को साहित्य भूषण सम्मान से अलंकृत किया गया। 14 सितंबर को गीता शोध संस्थान वृंदावन में समारोह में यह अलंकरण शशि पाठक दिनेश मथुरा व सुक्रमपाल सिंह श्रीनगर को प्रदान किए गए। इस सम्मान में स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र व पुस्तकों के साथ-साथ 2500 रुपए की नगद राशि भी प्रतिवर्ष साहित्यकारों को प्रदान की जाती है। शिक्षा, पर्यावरण, समाज उत्थान व नैतिक मूल्यों की साहित्यिक कृति पर यह सम्मान प्रदान किए जाते हैं। संस्था के अध्यक्ष अनिल जैन विद्यासागर रोडवेज नागपुर ने बताया कि पंडित हर प्रसाद पाठक साहित्य समिति मथुरा के साहित्यिक सम्मान समारोह में यह सम्मान विगत 4 वर्षों से निरंतर प्रदान किया जा रहे हैं।

बाबूलाल जैन साइकिल वाले जो अपने जीवन काल में समाज सेवा, प्रभु सेवा के श्रेष्ठ कार्यों में समर्पित रहे व शून्य से शिखर तक की अपनी यात्रा पूर्ण की, नगर में साइकिल व्यवसाय के पित्र पुरुष के रूप में प्रतिष्ठित है। श्री जैन सदैव जन सेवा के कार्य हेतु समर्पित रहते थे उनके निधन के पश्चात उनके परिवार द्वारा स्थापित श्री दिवाकीर्ति शिक्षा व कल्याण समिति 30 से अधिक वर्षों से अपने पैतृक गांव देलवारा में एक विद्यालय चला रही है, जिसमें 300 से अधिक विद्यार्थियों द्वारा शिक्षा पाकर सुखद भविष्य का निर्माण किया जा रहा है।इसके साथ-साथ संस्था के द्वारा वस्त्रदान अन्न दान व चिकित्सा शिविर के आयोजन किये जाते हैं। शशि पाठक दिनेश, देश की स्थापित साहित्यकार हैं व विगत 35 वर्षों से उन्होंने श्रेष्ठ साहित्य की रचना की है। देश के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ दिनेश पाठक शशि की धर्मपत्नी सरल स्वभावी साहित्यकार हैं, सुक्रम पाल सिंह देश के श्रेष्ठ कृषि वैज्ञानिक हैं व कृषि अनुसंधान कार्य हेतु लिखी उनकी कृतियां राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान पा चुकी हैं। यह सम्मान वरिष्ठ साहित्यकार इंजी। अरुण कुमार जैन फरीदाबाद, देश की साहित्यिक विभूति सुधा गोयल बुलंदशहर, अनुपमा पाठक व सानिका द्वारा प्रदान किये गये।

## मंडी में किसानों की फसल बारिश से भीगी



**ललितपुर ।** नवीन गल्ला मंडी में किसानों द्वारा लाई गई फसल पानी बरसने से बर्बाद हो गई है, किसान अगली फसल की तैयारी में लगा है किसान अपनी फसल बेचकर खाद भी लेने के लिए घर में रखी जो भी शेष बचे हुए अनाज है उसे बेचने बाजार लाया मगर आज पानी ने किसने की मिलने वाली कीमतों पर पानी फेर दिया गल्ला मंडी में अधिकतर टीन सीटों पर बड़े-बड़े व्यापारियों ने कब्जा किए है जिस कारण से किसानों की जींस अनाज दुकान के सामने सड़क पर बेचने को रखी जाती है आज 30 मिनट की तेज बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया बारिश होने से अनाज मंडी में किसानों के द्वारा लाया गया अनाज बारिश में भीग कर खराब हो गया कई किसानों का अनाज पानी में वह गया,आखिर समझ से परे है कि हर बार व्यापारियों को नोटिस देबकर किसानों के लिए बने टीन शेड खाली करवाने के लिए बोला जाता है लेकिन स्थिति आज भी वही की वही है। वैसे भी किसान की हालत फसल खराब होने से बहुत ही दयनीय स्थिति में थी और बाकी आज चबूतरो पर किए गए अवैध कब्जों ने पूरी कर दी। प्रशासन को संज्ञान लेकर किसानों के हित में ठोस कदम उठाने की जरूरत है।

### पीसीएस की तैयारी कर रहे छात्र से मांगी रंगदारी

**ललितपुर।** पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र से गुटखा खाने के नाम पर सौ रुपये की रंगदारी मांगने और विरोध करने पर सीमेंट की ईंट व धारदार पत्थरों से प्रहार कर लहूलुहान कर देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण को लेकर घायल युवक के शिक्षक पिता ने मामला दर्ज कराया है। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में टीचर्स कालोनी पिसनारी बाग निवासी रविकान्त ताम्रकार पुत्र रज्जूलाल ताम्रकार ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग उठायी है। रविकान्त ताम्रकार ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र मयंक सिंह हयारण (ताम्रकार) जो कि पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर रहा है। परीक्षा की तैयारी को लेकर मयंक सिंह पिसनारी तिराहा स्थित लाइब्रेरी में सुबह 9 से शाम 6 बजे तक अध्ययन करता है। विगत एक माह पहले लाइब्रेरी में आने वाले शुभम यादव व आदर्श यादव जो कि नेहरू महाविद्यालय में पढ़ते हैं। आरोप है कि उक्त शुभम यादव व आदर्श यादव ने उनके पुत्र मयंक सिंह से गुटखा खिलाने के नाम पर 100 रुपये की मांग की थी, मना करने पर दोनों आरोपितों ने गालियां देते हुये धमकाया था। पुलिस ने रविकांत ताम्रकार की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सम्मान समारोह का आयोजन मैरिज गार्डन में किया

## संस्कारों की जननी है श्रावक संस्कार शिविर : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




पर्वराज पर्यूषण पर्व में श्रावक संस्कार शिवरों में ललितपुर जिले से गए शिवरार्थियों का सुधा सागर भक्त मंडल द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय मैरिज गार्डन में किया।

जिसमें आचार्यश्री समय सागर, निर्यापक मुनि सुधासागर, वीरसागर, मुनि प्रमाणसागर, आचार्य विशुद्ध सागर महाराज, आर्यिका पूर्णमति माताजी व अन्य साधुगणों के सानिध्य में लगे श्रावक संस्कार शिविर में गये शिविरार्थियों का जिन्होनें 10 उपवास उससे कम उपवास कर साधना की, उन सभी का पगड़ी व माला पहनाकर स्मृति चिन्ह सम्मान किया गया। सभी शिवरार्थी इस सम्मान को पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहे थे। इस दौरान सुधा सागर भक्त मंडल द्वारा सभी को की भोजन की व्यवस्था भी की गई। सर्वप्रथम आचार्यश्री के चित्र के चित्र आवरण एवं दीप प्रज्वलन किया। तत्पश्चात जिन्होंने 10 उपवास किया उनका सम्मान किया गया। इसी क्रम में सभी शिवरात्रियों का सम्मान किया गया। वहीं जनपद में श्रवण संस्कार संस्थान सांगानेर के शास्त्रियों का एवं जैन पत्रकारों का भी सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य, जैन पंचायत से डा.अक्षय जैन, आकाश जैन, सनत जैन, शीलचंद जैन, इंजी.अनिल अंचल, महेंद्र मयूर, जिनेंद्र जैन, संजीव जैन ममता स्पोटर्स, अंशुल बड़कुल, वैभव टिन्ना, जितेंद्र, संजीव सीए, जीवन, संजय जैन, अशोक जैन, अरविंद जैन, सौरभ जैन, अंकुर, मोहन, मनोज जैन, शैलेश जैन पिंटू पत्रकार, अनंत सराफ, राहुल कलरैया, हितेन्द्र बड़घरिया, पवन जैन, अब्बू सिंघई, राजीव के अलावा बांसी, महरौनी, मड़ावरा, तालबेहट समाज लोग मौजूद रहे।

### जान जोखिम में डालकर कच्चे मकान और झोपड़ियों में रहने को मजबूर

# सर्वे के नाम पर कर रहे गुमराह, पांच बार सर्वे फिर भी सूची नहीं हुई फाइनल

**प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 से अधिक दलित परिवारों को नहीं मिल रहा लाभ**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार की उन लोगों को पक्का घर देने की कोशिश है, जो टूटे-फूटे मकान या फिर झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। सरकार की मदद से ये लोग भी अब पक्की छत वाले घरों में रह सकते हैं लेकिन कालापीपल विधानसभा के पोलायकलां नगर परिषद में दलित समुदाय के 50 से अधिक परिवार अब भी इस योजना से वंचित हैं। दलित समुदाय के ये लोग कच्चे मकान या झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। बारिश में झोपड़ी या कच्चे मकान से पानी टपक रहा है, छत पर बरसाती बिछाकर बचने की कोशिश कर रहे हैं। कहीं कवेलू के मकान या चद्दर बिछी हुई है, दीवार गिर रही है, ऐसे में जान जोखिम में डालकर ये अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पोलायकलां नगर परिषद में 2016 से 2022 तक 777 लोगों को इस योजना का लाभ मिला लेकिन इस योजना के वास्तविक हकदार आज भी इस योजना से वंचित हैं। 2022 के बाद से एक भी व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। जबकि पोलायकलां में अब तक पांच बार सर्वे हो चुका है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण इन गरीबों को इस योजना से वंचित किया जा रहा है। 2022 के बाद पहले सर्वे में प्रधानमंत्री आवास के लिए 607 लोगों का चयन किया गया, एसडीएम शुजालपुर ने इस सूची को सही नहीं माना और फिर से जांच कर सर्वे के आदेश दिए। दूसरी बार जांच के पश्चात 121 लोगों को इस योजना के लिए पात्र माना गया। इस सूची को भी एसडीएम ने गलत बताते हुए फिर से जांच के आदेश दिए, तीसरी बार एसडीएम के आदेश पर हुए सर्वे में 83 लोगों को चयनित किया गया। इस सूची को भी नकार दिया गया, उसके बाद चौथी बार 39 लोगों को चयनित किया गया, उसे भी एसडीएम ने गलत बता दिया,अब पांचवीं बार 54 लोगों को चयनित कर सूची भेजी गई लेकिन ये सूची भी एसडीएम के आदेश का इंतजार कर रही है।

### दलितों को बार-बार कैसे किया जा रहा योजना से वंचित



पोलायकलां के ये दलित परिवार वर्षों से अपने पैतृक मकानों में रह रहे हैं, नगरपरिषद इनको भवन प्रमाण पत्र भी जारी कर चुकी है और ये टैक्स भी भर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बार-बार आवेदन कर रहे हैं। इनके आवेदनों को इस बात पर खारिज कर दिया कि इनके पास भूखंड की रजिस्ट्री नहीं है। दलितों से कहा गया रजिस्ट्री करवा लो, इनके द्वारा दस- बीस हजार रुपए खर्च कर रजिस्ट्री करवाई लेकिन उसके बाद भी इन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इन दलित परिवारों पर दोहरी मार पड़ गई। आवास योजना का लाभ भी नहीं मिला और रजिस्ट्री के नाम पर राशि भी खर्च हो गई।

#### योजना के पात्र हितग्राही

प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य उन लोगों को पक्का घर मुहैया कराना था, जिनके सिर पर छत नहीं है या जो झुग्गी-झोपड़ी में जीवन जीने को मजबूर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। झुग्गी झोपड़ी वाले आज भी इस योजना का लाभ नहीं उठा पाएं और जो बड़े काश्तकार है, आर्थिक रूप से संपन्न है, उन्हें इस योजना का लाभ मिल चुका है।

#### इनका कहना है

मुझे कुछ ही दिन पहले प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची जांच हेतु वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त हुए थे अभी सर्वे का कार्य चल रहा है जल्द ही टीम गठित कर सर्वे किया जाएगा।

**शिल्पा सिंह** तहसीलदार पोलायकलां

हमारे द्वारा 54 हितग्राहियों की सूची भेजी गई है जो भी निर्देश मिलेगे पालन किया जायेगा

**भगवान सिंह,** भिलाला सीएमओ नगरपरिषद पोलायकलां

एसडीएम शुजालपुर के द्वारा बार बार जांच के नाम पर दबाब बनाया जा रहा है और जांच कराई जा रही है जबकि पांच बार जांच हो चुकी है लेकिन मेडम के द्वारा हठधर्मिता की जा रही है जिससे ये पात्र हितग्राही भी लाभ से वंचित है

**विनोद मालवीय** पार्षद वार्ड नंबर 08 नगरपरिषद पोलायकलां

कलेक्टर एसडीएम नहीं चाहती की सरकार की योजनाओं का पात्र हितग्राही को भी लाभ मिले इसीलिए पांच बार सर्वे होने के बाद भी सूची को अमान्य कर दिया फिर से जांच करवाई जा रही

**घनश्याम मालवीय** पार्षद वार्ड नंबर 09 नगरपरिषद पोलायकलां

नगरी प्रशासन मंत्रालय के द्वारा स्व स्वामित्व प्रमाण को भी प्रधानमंत्री आवास में पात्र माना गया हैलेकिन सिर्फ एसडीएम और कलेक्टर अपने तानाशाही रवैया के कारण बार-बार सूची कीजांच कर रहे हैं पांच बार जांच हो चुकी है इसके बाद फिर जांच के आदेश दिए गए हैं

**नरेश दीक्षित** पार्षद वार्ड नंबर 11नगरपरिषद पोलायकलां

### पांच बार जांच कर चुके फिर भी सूची फाइनल नहीं

मध्यप्रदेश में ऐसा पहला मामला होगा जहां पांच बार तहसीलदार के द्वारा जांच करवाकर पात्र हितग्राहियों की सूची बनाई गई और हर बार उस सूची को जांच के नाम पर अमान्य कर दिया। सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा इन गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। कच्चे मकानों में रह रहे पोलायकलां के इन दलित परिवारों ने कलेक्टर शाजापुर को भी जनसुनवाई में दो बार आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं जाने की मांग की। ये कलेक्टर और एसडीएम पर आरोप लगा रहे हैं हमें इस योजना से वंचित करने के लिए बार-बार जांच करवाई जा रही है। हमारे पास न खेती है,न पक्के मकान। मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस बारिश में दो मकान गिर ग ए,इन घरों में लोग सोएं हुए थे, उनकी जान बच गई। प्रशासन क्या हमारी मौत का इंतजार कर रहा है।

### साहब, बरसों से पंचायत भवन का ताला ही नहीं खुला

# ग्राम पंचायत गाड़ाहेट में नहीं लगती जनसुनवाई, भवन में लगा गंदगी का अंबार



**खिलचीपुर।** शासन द्वारा ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं की समस्या का हल गांव में ही हो सके, इस उद्देश्य को लेकर पंचायती राज लागू किया गया था, जिसमें शासन ने करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण किया गया था। पंचायत भवन में ही बैठकर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा लोगों की मूलभूत सुविधाएं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आवास, शौचालय, स्वच्छता आदि कई समस्याओं का गांव में ही निपटारा हो सके ओर लोगों को दफ्तर -दफ्तर चक्कर नहीं लगाने पड़े। लेकिन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक की घोर अनियमितता के चलते शासन की पंचायती राज योजना ढकोसला साबित हो रही है ओर ग्रामीण जन जनपद कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर है।

ऐसा ही एक मामला मंगलवार को ग्रामीणों की शिकायत पर मीडिया ने जायजा लिया तो ग्रामीणों ने बताया खिलचीपुर जनपद की ग्राम पंचायत गाड़ाहेट में बरसों से पंचायत भवन में ताला लगा है। वहीं पंचायत भवन के सामने गोबर का ढेर पड़ा हुआ है ओर जनसुनवाई नहीं लगती। ऐसे में ग्रामीण अपने कामों को लेकर जनपद कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं।

#### इनका कहना है...

हम गांव के चबूतरे पर बैठकर लोगों की समस्या सुन लेते हैं। पंचायत भवन के अतिक्रमण की शिकायत तहसीलदार से की है।

**शिवनारायण दांगी,** सरपंच ग्राम पंचायत गाड़ाहेट

सेक्टर प्रभारी को भेजकर जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद सिंह सोलंकी,** जनपद सीईओ खिलचीपुर

### मथुरा में काव्यश्री सम्मान 2025 से सम्मानित हुए कन्हैया राज



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, विभिन्न टीवी पर अपनी श्रंगारिक रचनाओं से साहित्यिक पहचान बना चुके नगर के सुप्रसिद्ध गीतकार कन्हैया राज को हिन्दी दिवस के अवसर पर खंडेलवाल सेवा सदन मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में काव्यश्री सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस उत्तरप्रदेश द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में देश के चुनिंदा कवियों ने शिरकत की। कवि शैलेश लोढ़ा के बहुचर्चित टी वी शो वाह भई वाह में भी अपनी प्रस्तुति दे चुके कवि कन्हैया राज को इससे पूर्व भी विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। मथुरा में सम्मानित किए जाने पर कवि राज को उनके इष्टमित्रों, कवियों, शुभ चिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### कचनारिया का गांव का मामला, आरोपी गिरफ्तार

# तंत्र क्रिया की शंका में 70 वर्षीय बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हत्या की



**राजगढ़।** कचनारिया गांव निवासी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पर गांव के ही एक व्यक्ति ने तंत्र क्रिया की शंका में कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह लहुलुहान हुए बुजुर्ग को पहले अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हमला करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कचनारिया गांव निवासी बद्रीलाल पिता भंवरलाल उम्र 70 वर्ष घर के आंगन में कुर्सी पर बैठे हुए थे। उसे समय गांव का बबलू पिता रामचरण वर्मा आया और आते ही गले पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बद्रीलाल को पहले पचोर अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### आरोपी को शंका थी कि मेरे ऊपर तंत्र क्रिया करवाई

पुलिस ने बताया कि आरोपी बबलू वर्मा को किसी ने बताया था कि उसके ऊपर बद्रीलाल वर्मा ने तांत्रिक क्रिया करवाई हुई है। इसी शंका में बबलू ने बगैर किसी सोच-विचार के कुल्हाड़ी उठाई और सीधे जाकर वृद्ध बद्रीलाल पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। खुजनेर पुलिस ने आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले प्राणघातक हमला करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। बुजुर्ग की मृत्यु उपरान्त अब हत्या का मामला दर्ज करने की कार्यवाही जारी है।

### बीजासन माता मंदिर पर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने के लिए बैठक हुई



**जीरापुर।** स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला में बीजासन माता मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई। नगर के कुम्भकार मोहल्ला स्थित प्राचीनतम धार्मिक स्थल बीजासन माता मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाने के लिए आयोजित इस बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। नवरात्रि उत्सव की रुप रेखा एवं प्रतिदिन धार्मिक माहौल में आयोजन हो जिस पर विचार रखे प्रतिवर्ष की तरह बीजासन माता मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा के साथ प्रतिदिन माता का श्रृंगार, आरती हवन अन्य धार्मिक अनुष्ठान पुजा साधना की जावेगी। बैठक में महाकाल राजा ग्रुप द्वारा विशाल चूनरी यात्रा 27सितंबर को निकाली जायेगी तथा 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला जावेगा जिसकी जानकारी भी दी गई।

## सिविल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**सारंगपुर।** बुधवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत महिलाओं की एनीमिया, शुगर, बीपी और कैंसर की जांच एवं स्क्रीनिंग की जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार उनका उपचार भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी किसी भी परिवार का आधार होती है, इसलिए माताओं, बहनों और बेटियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर 5 महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच कर उन्हें रिपोर्ट वितरित की गई। साथ ही लेबर रूम की नर्सिंग ऑफिसर को लक्ष्य असेसमेंट में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। मंत्री टेटवाल ने यह भी घोषणा की कि शीघ्र ही सिविल अस्पताल सारंगपुर में डायलिसिस यूनिट एवं ट्रॉमा सेंटर की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को उपचार के लिए बाहर न जाना पड़े।

अस्पताल प्रभारी डॉ. मनीष चौहान ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 25 सितम्बर को सिविल अस्पताल परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें जिला स्तर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आकर मरीजों का उपचार करेगी। उसी दिन रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।शुभारंभ कार्यक्रम में रोगी कल्याण समिति सदस्य सुधीर श्रीमाल, डॉ. अंकित यादव, डॉ. तस्लीम मंसूरी, डॉ. रविन्द्र चन्द्रायद, बीपीएम जगदीश दांगी सहित अस्पताल का समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहा।



## नगर परिषद माचलपुर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**माचलपुर।** बुधवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में जन प्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान किया गया व सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई की गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया व स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष गीताबाई मालवीय एवं समस्त पार्षद गण व मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र कुमार वत्स सहित नप कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर गोविंद सिंह के द्वारा किया गया।

### सांसद, विधायक की मौजूदगी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

# दूसरों का जीवन बचाने कलेक्टर, एसपी सहित 60 लोगों ने किया रक्तदान

**राजगढ़।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिला अस्पताल परिसर में हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, माताओं और किशोरियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों सहित 60 से अधिक लोगों ने स्वैच्छिक रूप रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद रोडमल नागर और क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर सांसद नागर ने अपने संबोधन में जिले की सभी माताओं, बहनों और बेटियों से इस अभियान के तहत अपने स्वास्थ्य की जांच कराने का आगृह किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल स्वास्थ्य से जुड़ा है, बल्कि इसे एक सेवा अभियान के रूप में भी मनाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर पालिका स्तर पर स्वच्छता दिवस का आयोजन होगा। इसी सोच के साथ हमें अपने वातावरण को प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी ताकि वे वृक्ष बन सकें और हरियाली बढ़े।

#### अलग-अलग ब्लॉक में 15 दिनों तक चलेंगे रक्तदान शिविर

जिले में रक्तदान शिविर पूरे 15 दिनों तक चलेंगे। इसके तहत पहले दिन जिला अस्पताल में केपी पंवार मित्र मंडल के सहयोग से 60 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया है। कलेक्अर, एसपी के साथ ही सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने भी रक्तदान किया। इस शिविर से जिला रक्तकोष में रक्त की कमी को पूरा करने में काफी सहयोग मिलेगा। रक्तदान करने वालों में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं करनवास निवासी नीतू बढ़ोने और हरिओम बढ़ोने पति पत्नि दोनों ने मिलकर रक्तदान किया। शिविर के दौरान डीटीओ डॉ. राजीव हरिओध के आगृह जनप्रतिनिधियों ने टीबी के मरीजों के परिजनों को पोषण आहार की फूड बास्केट का वितरण भी किया।

## सेवा पखवाड़ा की शुरुआत, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की शुरुआत बुधवार को सिविल अस्पताल परिसर से हुई। कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और मरीजों को फल वितरित किए गए। इसी मौके पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान महिलाओं की निःशुल्क जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह अभियान अगले 15 दिनों तक जारी रहेगा। अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि यदि घर की महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा और परिवार स्वस्थ होगा तो राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। उन्होंने दंत चिकित्सा कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन भी टीवी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, भरत झंवर, मुन्ना साहू, मुकेश गुप्ता, सतेंद्र सिंह राठौड़, बीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, अस्पताल स्टाफ और आमजन उपस्थित रहे।

### मंचीय कार्यक्रम में दोनों प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# निर्माण के देवता के जन्मोत्सव पर विश्वकर्मा समाज ने निकाली शोभायात्रा



**राजगढ़।** सृष्टि के शिल्पकार कहे जाने वाले निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव नगर सहित जिले भर में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। इस दौरान सुतार, विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर नगर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। ढोल-ढमाकों एवं डीजे की धुन पर विश्वकर्मा मंदिर से आरंभ से हुई यह शोभायात्रा नाका नंबर-3, जय स्तंभ चौक, पारायण चौक, किला क्षेत्र होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का पुष्पवर्षा इत्यादि से स्वागत, अभिनंदन किया। शोभायात्रा में शामिल युवा नाचते-गाते हुए भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर पूजन-अर्चन सहित मंचीय आयोजन हुए। कार्यक्रम के समापन उपरान्त महाप्रसादी का वितरण करवाया गया।

#### दोनों ही दलों के जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

मंचीय कार्यक्रम के दौरान दोनों ही प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिनमें सांसद रोड़मल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, दीपक शर्मा सहित अन्य शामिल थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विधायक निधि से प्राप्त 5 लाख रुपए की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भी जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन किया गया।

## भाजपा ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मनाया



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया। इस अवसर पर नगर के देव कुआं मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडल महामंत्री कमल राठौर सहित मंडल के सभी पदाधिकारीगण एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही स्वच्छता अभियान में नगर पालिका की सीएमओ ज्योति सुनहरे तथा उनके स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी पार्षदगणों की उपस्थिति में कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प को सार्थक रूप से आगे बढ़ाया गया। उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी मोहन लववंशी द्वारा दी गई।